# एम.पी.पी.एस.सी.
# प्रारंभिक परीक्षा-2020
# सामान्य अध्ययन-I
# (मॉडल पेपर-5)

1. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना कब हुई थी?
   (a) 1982 ई. (b) 2010 ई.
   (c) 1965 ई. (d) 1975 ई.

2. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (हड़प्पा स्थल)** | **सूची-II (स्थिति)** |
|---|---|
| A. रंगपुर | 1. राजस्थान |
| B. कालीबंगन | 2. हरियाणा |
| C. राखीगढ़ी | 3. सिंध |
| D. मोहनजोदड़ो | 4. गुजरात |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

3. निम्न में से किसे 'मिसाइल-वुमन ऑफ इंडिया' टाईटल से जाना जाता है?
   (a) कल्पना चावला (b) इंदिरा गांधी
   (c) टेस्सी थॉमस (d) अन्ना मणि

4. राजगृह, वैशाली और पाटलिपुत्र में निम्नलिखित में से कौन-सी एक समानता है?
   (a) स्थविरवादियों का पालि धर्मसूत्र यहाँ संकलित हुआ था।
   (b) अशोक के प्रमुख शिलालेख यहाँ पाए गए।
   (c) ये वे स्थान हैं, जहाँ बौद्ध संगीति हुई थी।
   (d) ये स्थान महासंघिकाओं के बौद्ध धर्मसूत्रों के संकलन से संबंधित हैं।

5. निम्नलिखित में कौन-सी रचना/रचनाएँ हर्ष द्वारा रचित मानी जाती है/हैं?
   (a) प्रियदर्शिका (b) रत्नावली
   (c) नागानंद (d) उपरोक्त सभी।

6. संगमकालीन राजव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित में से क्या सही **नहीं** है?
   (a) इस युग में वंशानुगत राजतंत्र का प्रचलन था।
   (b) समकालीन ग्रंथों में 'चक्रवर्ती राजा' की अवधारणा अज्ञात थी।
   (c) राजा की शक्ति पर पाँच परिषदों का नियंत्रण होता था।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

7. प्रसिद्ध कवि राजशेखर किस वंश के दरबारी कवि थे?
   (a) कलचुरि (b) चोल
   (c) चंदेल (d) परमार

8. मियाँ तानसेन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) बादशाह अकबर द्वारा इन्हें दी गई उपाधि तानसेन थी।
   (b) तानसेन ने हिंदू देवी-देवताओं से संबंधित ध्रुपदों की रचना की।
   (c) तानसेन ने अपने संरक्षकों से संबंधित गीतों की रचना की।
   (d) तानसेन ने अनेक रागों की मौलिक रचना की।

9. फ्राँसीसी ईस्ट इंडिया कंपनी के संबंध में कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
   (a) फ्राँसीसी ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में व्यापार अंग्रेज़ों के बाद शुरू किया।
   (b) फ्राँसीसी ईस्ट इंडिया कंपनी पूरी तरह फ्राँस की सरकार से स्वतंत्र थी।
   (c) फ्राँसीसी गवर्नर जनरल डूप्ले के समय फ्राँसीसियों की दक्षिण भारत में शक्ति चरम सीमा पर थी।
   (d) वांडीवाश युद्ध के बाद हुई पेरिस संधि के बाद फ्राँसीसी भारत में केवल व्यापार केंद्रों के रूप में काम कर सकते थे तथा न तो वे अपने कारखानों की किलेबंदी कर सकते थे और न ही वहाँ सैनिक रख सकते थे।

10. निम्नलिखित में से कौन-सी स्थायी बंदोबस्त की विशेषता **नहीं** है?
   (a) स्थायी बंदोबस्त ने भू-स्वामित्व का अधिकार ज़मींदार में निहित किया।
   (b) स्थायी बंदोबस्त ने कृषकों के प्रथागत दखल-अधिकार को ध्यान में बनाए रखा।
   (c) स्थायी बंदोबस्त के अधीन उच्च मालगुज़ारी निर्धारण का भार कृषकों पर डाल दिया गया।
   (d) स्थायी बंदोबस्त के अधीन भूमि के वास्तविक कृषकों की दशा में गिरावट आई।

11. 1817 में कलकत्ता में प्रसिद्ध हिंदू कॉलेज की स्थापना किसने की?
   (a) राजा राममोहन राय
   (b) दयानंद सरस्वती
   (c) डेविड हेअर
   (d) बहरामजी एम. मालाबारी

12. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| सूची-I (अधिनियम/घटना) | सूची-II (वर्ष) |
|---|---|
| A. रौलेट एक्ट | 1. 1922 |
| B. नमक मार्च | 2. 1931 |
| C. चौरी-चौरा घटना | 3. 1930 |
| D. द्वितीय गोलमेज सम्मेलन | 4. 1919 |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

13. भारत के न्यूक्लियर रिएक्टर्स में कौन-सा ईंधन प्रयुक्त होता है?
(a) U-270 (b) U-500
(c) गैसोहॉल (d) U-238

14. पट्टचित्र के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) यह राजस्थान की चित्रकला शैली है।
(b) यह केरल की एक नृत्य शैली है।
(c) यह एक मार्शल आर्ट शैली है।
(d) यह ओडिशा की चित्रकला शैली है।

15. भारत के राष्ट्रपति के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
(a) यद्यपि राष्ट्रपति के पास परिस्थितिजनित विवेकाधिकार नहीं है, परंतु उसके पास कुछ संवैधानिक विवेकाधिकार हैं।
(b) संसद का सत्र न चल रहे होने की स्थिति में राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने का अधिकार प्राप्त है।
(c) राष्ट्रपति अंतर्राष्ट्रीय मंचों व मामलों में भारत का प्रतिनिधित्व करता है और कूटनीतिज्ञों, जैसे- राजदूत व उच्चायुक्तों को भेजता है।
(d) वह भारत के सैन्य बलों का सर्वोच्च सेनापति होता है। वह थल सेना, नौसेना व वायु सेना के प्रमुखों की नियुक्ति करता है।

16. कोई भी नई अखिल भारतीय सेवा किसके द्वारा सृजित की जा सकती है?
(a) प्रधानमंत्री के किसी आदेश द्वारा
(b) राज्यसभा के किसी प्रस्ताव द्वारा
(c) लोकसभा के किसी प्रस्ताव द्वारा
(d) राष्ट्रपति के किसी आदेश द्वारा

17. संविधान में उल्लिखित भाषायी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है?
(a) संघ या राज्य में प्रयोग की जाने वाली किसी भी भाषा में संघ या राज्य के किसी सरकारी कार्यालय में शिकायत करने का अधिकार।
(b) प्रत्येक राज्य द्वारा भाषायी अल्पसंख्यकों के बच्चों की शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षित करने के लिये पर्याप्त सुविधाएँ प्रदान करना।
(c) राष्ट्रपति भाषायी अल्पसंख्यकों के संवैधानिक रक्षोपायों से संबद्ध सभी मामलों की जाँच के लिये एक विशेष पदाधिकारी की नियुक्ति कर सकता है, जो उसे रिपोर्ट करेगा।
(d) संविधान केंद्र पर हिन्दी भाषा के प्रोत्साहन, प्रसार और विकास के लिये कोई कर्त्तव्य आरोपित नहीं करता है।

18. अनुच्छेद 352 और 356 के तहत आपातकाल की अवधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?
(a) अनुच्छेद 356 के तहत अधिकतम अवधि 3 वर्ष हो सकती है, जबकि अनुच्छेद 352 के तहत यह अनिश्चितकाल तक कायम रह सकती है।
(b) अनुच्छेद 352 के तहत केवल वह राज्य, जहाँ पर आपातकाल लागू हो, उसके और केंद्र के बीच संबंध परिवर्तित होते हैं, जबकि अनुच्छेद 356 के तहत सभी राज्यों और केंद्र के बीच संबंध परिवर्तित होते हैं।
(c) अनुच्छेद 352 और अनुच्छेद 356 के तहत यह अधिकतम अवधि 3 वर्ष तक कायम रह सकती है।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

19. किसी राज्य में पंचायतों के निर्वाचन की तिथि की घोषणा कौन करता है?
(a) भारत का निर्वाचन आयोग
(b) राज्य निर्वाचन आयोग
(c) मुख्यमंत्री तथा उसकी मंत्रिपरिषद
(d) राज्य का राज्यपाल

20. संविधान संशोधन विधेयक के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
(a) लोकसभा का अध्यक्ष विधेयक को पारित कराने के लिये दोनों सदनों की संयुक्त बैठक बुला सकता है।
(b) विधेयक को प्रत्येक सदन द्वारा, विहित विशेष बहुमत से, अलग-अलग पारित किया जाना आवश्यक है।
(c) विधेयक को संसद के किसी भी सदन में पुर:स्थापित किया जा सकता है।
(d) विधेयक को गैर-सरकारी सदस्य द्वारा भी प्रायोजित किया जा सकता है।



Drishti IAS

21. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?
   (a) शिलॉन्ग पठार भारत के प्रायद्वीपीय पठार का पुरांत:शायी (विस्तार) है।
   (b) अरावली पर्वत भारत की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखला है।
   (c) विंध्यन पर्वत श्रृंखला वलन पर्वत की उदाहरण है।
   (d) राजमहल की पहाड़ियाँ उच्चभूमि लावा निक्षेपों में संघटित हैं।

22. नदी अपवाह प्रतिरूप के संदर्भ में नीचे दी गई सूची को मिलाइये:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. अपवाह प्रतिरूप पेड़ की शाखा के अनुरूप। | 1. जालीनुमा प्रतिरूप |
| B. जब नदी पर्वत से निकलकर सभी दिशाओं में बहती हो। | 2. वृक्षाकार प्रतिरूप |
| C. जब मुख्य नदियाँ एक-दूसरे के समानांतर एवं सहायक नदियाँ उनसे समकोण पर मिलती हों। | 3. अरीय प्रतिरूप |
| D. जब सभी दिशाओं से नदियाँ बहकर किसी झील या गर्त में विसर्जित होती हैं। | 4. अभिकेंद्रीय प्रतिरूप |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

23. पैंगोंग त्सो झील, जिससे होकर भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) गुज़रती है, स्थित है-
   (a) अरुणाचल प्रदेश में  (b) सिक्किम में
   (c) हिमाचल प्रदेश में  (d) लद्दाख में

24. निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

| सिंचाई की विधि | | टिप्पणी |
|---|---|---|
| (a) तालाब | : | कुल सिंचित क्षेत्र में 2.97% सिंचाई के लिये योगदान। मध्य और दक्षिण भारत में प्रयुक्त। |
| (b) नहरें | : | कुल सिंचित क्षेत्र में 24.54% सिंचाई के लिये योगदान। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब में सिंचाई का प्रमुख स्रोत। |
| (c) कुएँ एवं नलकूप द्वारा | : | मुख्यरूप से उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, पंजाब और महाराष्ट्र के छोटे क्षेत्रों में प्रयुक्त। कुल सिंचित क्षेत्र में 61.58% सिंचाई के लिये योगदान। |

   (d) उपर्युक्त सभी

25. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| सूची-I (खनिज जमाव) | सूची-II (राज्य) |
|---|---|
| A. जिप्सम | 1. ओडिशा |
| B. ग्रेफाइट | 2. गुजरात |
| C. फ्लुओर-स्पार | 3. अरुणाचल प्रदेश |
| D. निकेल | 4. राजस्थान |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

26. निम्नलिखित राष्ट्रीय जलमार्ग में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

| राष्ट्रीय जलमार्ग | | विस्तार |
|---|---|---|
| (a) NW-2 | : | सादिया-धुबरी |
| (b) NW-3 | : | कोट्टापुरम-कोल्लम |
| (c) NW-1 | : | प्रयागराज (इलाहाबाद) हल्दिया |

   (d) उपर्युक्त सभी।

27. दिन और रात की अवधि से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?
   (a) भूमध्य रेखा के निकट अंतर न्यूनतम होता है और उससे दूर जाते हुए प्रगामीयत: बढ़ता जाता है।
   (b) भूमध्य रेखा पर अंतर अधिकतम होता है और उससे दूर जाते हुए प्रगामीयत: घटता जाता है।
   (c) उष्णकटिबंधों पर अंतर न्यूनतम होता है तथा भूमध्यरेखा और ध्रुवों की ओर प्रगामीयत: बढ़ता जाता है।
   (d) उष्णकटिबंधों पर अंतर अधिकतम होता है तथा भूमध्य रेखा और ध्रुवों की ओर प्रगामीयत: घटता जाता है।

28. मृदा का लवणीभवन मृदा में एकत्रित सिंचित जल के वाष्पीकृत होने से पीछे छूटे नमक और खनिजों से उत्पन्न होता है। सिंचित भूमि पर लवणीभवन का क्या प्रभाव पड़ता है?
   (a) यह फसलों के उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि लाता है।
   (b) यह कुछ मृदाओं को अपारगम्य बना देता है।
   (c) यह भौम जलस्तर को ऊपर ले आता है।
   (d) यह मृदा के वायु अवकाशों (छिद्र) को जल से भर देता है।

29. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. क्षोभमंडल | 1. ओज़ोन परत और हवाई जहाज़ों के उड़ने के लिये आदर्श स्थिति प्रदान करता है। |

Drishti IAS

B. मध्यमंडल — 2. मौसम और उसमें परिवर्तन

C. तापमंडल — 3. ऊँचाई के साथ तापमान में कमी (–90°C तक)

D. समतापमंडल — 4. लंबी दूरी के संचार में सहायक

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

30. निम्न में से किस क्षेत्र में एल्बिडो उच्चतम होगा?
(a) हिमाच्छादित क्षेत्र/ध्रुव
(b) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन
(c) सदाबहार वन
(d) मरुस्थलीय क्षेत्र

31. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (महासागरीय धारा)** | **सूची-II (तट)** |
|---|---|
| A. हम्बोल्ट | 1. नामीबिया-अंगोला |
| B. उत्तरी अटलांटिक अपवाह | 2. चिली-पेरू |
| C. बेंगुएला | 3. मोज़ांबिक-मेडागास्कर |
| D. अगुल्हास | 4. यूनाइटेड किंगडम-नॉर्वे |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

32. भारत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कब से प्रभावी हुआ?
(a) 2007-08 की खरीफ फसल से
(b) 2006-07 की खरीफ फसल से
(c) 2005-06 की खरीफ फसल से
(d) 2007-08 की रबी फसल से

33. निम्न में से कौन-सी रचना 'भवानी प्रसाद मिश्र' की नहीं है?
(a) कुमकुम
(b) तट की खोज
(c) विनोबा स्तवन
(d) हम विषपायी जन्म के

34. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

| **राष्ट्रीय उद्यान** | **संबंधित राज्य** |
|---|---|
| (a) श्री वेंकटेश्वर राष्ट्रीय उद्यान | : आंध्र प्रदेश |
| (b) बनेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान | : कर्नाटक |
| (c) माधवपुर राष्ट्रीय उद्यान | : मध्य प्रदेश |

(d) उपर्युक्त सभी

35. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल वनस्पति संरक्षण हेतु स्वस्थाने (In-situ) पद्धति **नहीं** है?
(a) जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र (बायोस्फीयर रिज़र्व)
(b) वानस्पतिक उद्यान
(c) राष्ट्रीय पार्क
(d) वन्यप्राणी अभयारण्य

36. 'वैश्विक पर्यावरण आउटलुक रिपोर्ट' किसके द्वारा प्रकाशित की जाती है?
(a) वैश्विक पर्यावरण सुविधा
(b) अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ
(c) वर्ल्डवाइड फंड फॉर नेचर
(d) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम

37. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| **सूची-I (कन्वेंशन)** | **सूची-II (मुख्य रूप से संबंधित है)** |
|---|---|
| A. बेसल कन्वेंशन | 1. जैविक (कार्बनिक) प्रदूषक |
| B. रोटरडैम कन्वेंशन | 2. पारद (मर्करी) |
| C. स्टॉकहोम कन्वेंशन | 3. खतरनाक कूड़ा-करकट |
| D. मिनामाता कन्वेंशन | 4. कीटनाशक |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

38. पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा कर रहा कृत्रिम उपग्रह इसलिये पृथ्वी पर नीचे नहीं गिरता, क्योंकि पृथ्वी का आकर्षण–
(a) उतनी दूरी पर अस्तित्वहीन होता है
(b) चंद्रमा के आकर्षण से निष्क्रिय हो जाता है
(c) उसकी नियमित चाल के लिये आवश्यक गति प्रदान करता है
(d) उसकी गति के लिये आवश्यक त्वरण प्रदान करता है

39. ध्वनि के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
(a) यह ठोस, द्रव, गैस व निर्वात सभी में संचरण कर सकती है।
(b) इसकी तीव्रता (प्रबलता) डेसिबल (dB) में मापी जाती है।
(c) मानव कानों के लिये इसकी श्रव्य आवृत्ति की परास (Range) लगभग 20Hz से 20,000 Hz तक है।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।



Drishti IAS

40. राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल की शुरुआत कब हुई थी?
(a) 12 जनवरी, 2004 को (b) 30 अगस्त, 2020 को
(c) 30 अगस्त, 2019 को (d) 2 जनवरी, 2020 को

41. फेफड़ों से ऑक्सीजनकृत होकर रक्त कहाँ आता है?
(a) बायाँ अलिंद (b) बायाँ निलय
(c) दायाँ अलिंद (d) दायाँ निलय

42. प्रकाश संश्लेषण निष्पादित करने की क्षमता वाले पादप निम्नलिखित में से किस एक जीव प्रकार के अंतर्गत आते हैं?
(a) हेटरोट्रॉफ (b) सैप्रोट्रॉफ
(c) ऑटोट्रॉफ (d) केमोहेटरोट्रॉफ

43. प्राय: समाचारों में आने वाला Cas9 प्रोटीन क्या है?
(a) लक्ष्य-साधित जीन संपादन (टारगेटेड जीन एडिटिंग) में प्रयुक्त आणविक कैंची।
(b) रोगियों में रोगजनकों की ठीक-ठीक पहचान के लिये प्रयुक्त जैव संवेदक।
(c) एक जीन, जो पादपों को पीड़क-प्रतिरोधी बनाता है।
(d) आनुवंशिकत: रूपांतरित फसलों में संश्लेषित होने वाला एक शाकनाशी पदार्थ।

44. टैंकरोधी मिसाइल 'नाग' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?
(a) यह 'दागो और भूल जाओ' श्रेणी की चौथी पीढ़ी की मिसाइल है।
(b) इसका विकास डीआरडीओ द्वारा एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (आईजीएमडीपी) के तहत किया गया है।
(c) नाग को स्थल एवं वायु आधारित प्लेटफॉर्मों से लॉन्च किया जा सकता है।
(d) यह सभी मौसम तथा दिन-रात में कार्य करने में सक्षम है।

45. कभी-कभी समाचारों में दिखने वाला 'प्रोजेक्ट लून' (Project Loon) संबंधित है–
(a) अपशिष्ट प्रबंधन प्रौद्योगिकी से
(b) बेतार संचार प्रौद्योगिकी से
(c) सौर ऊर्जा उत्पादन प्रौद्योगिकी से
(d) जल संरक्षण प्रौद्योगिकी से

46. 'मैलवेयर' (Malware) के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:
1. **ट्रोजन हॉर्स:** यह नेटवर्क के माध्यम से फैलने के लिये स्वयं की प्रतिकृतियाँ बनाता है।
2. **एडवेयर:** विज्ञापन में काम आने वाला एक सॉफ्टवेयर।
3. **रैनसमवेयर:** जब तक मांगी गई धनराशि (Ransom) का भुगतान नहीं किया जाता, तब तक कंप्यूटर तक पहुँच को बाधित कर देता है।

उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

47. 'डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(a) 'उड़ान' हेतु फ्लाइट की बुकिंग से
(b) विमानन संबंधी शिकायतों के ऑनलाइन पंजीकरण से
(c) भारत सरकार के डिजिटल क्लाउड सेवा प्रदाता से
(d) मानवरहित हवाई ड्रोन से

48. निम्नलिखित में से कौन-सा गुप्त कालीन मंदिर मध्य प्रदेश में स्थित नहीं हैं-
(a) नचना-कुठार का पार्वती मंदिर
(b) भीतरगांव का मंदिर
(c) भूमरा का शिव मंदिर
(d) तिगवा का विष्णु मंदिर

49. जनगणना 2011 के अनुसार मध्य प्रदेश में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत है–
(a) 31.1% (b) 27.6%
(c) 15.6% (d) 34.7%

50. निम्न में से किसे 'चूना नगरी' कहा जाता है?
(a) मंडला (b) छिंदवाड़ा
(c) डिंडोरी (d) कटनी

51. राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय कहाँ स्थापित है?
(a) जबलपुर (b) गुना
(c) शिवपुरी (d) ग्वालियर

52. मध्य प्रदेश की प्रथम महिला मुख्यमंत्री कौन हैं?
(a) जमुना देवी (b) सुमित्रा महाजन
(c) विमला शर्मा (d) इनमें से कोई नहीं।

53. डॉ. शिवमंगल सिंह 'सुमन' की प्रसिद्ध कृति है-
(a) तट की खोज (b) हँसते हैं, रोते हैं
(c) चाँद का मुँह टेढ़ा (d) मिट्टी की बारात

54. निम्न में से कौन-सा समारोह देवास में आयोजित होता है?
(a) लोकरंग महोत्सव (b) तानसेन समारोह
(c) माखनलाल चतुर्वेदी समारोह (d) कुमार गंधर्व समारोह

55. जाम त्रिकोण में शामिल है/हैं-
(a) जन-धन योजना (b) आधार
(c) मोबाइल नंबर (d) उपर्युक्त सभी।

56. ई-ज़िला परियोजना 'G2C' के आदान-प्रदान सुधार हेतु अवधारित है। इसमें 'G2C' है-
(a) गवर्नमेंट-टू-सिटिजन
(b) गवर्नमेंट-टू-सिविलियन
(c) गवर्नेंस-टू-सर्विस
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।



Drishti IAS

57. निम्न में से भारतीय माइक्रो ब्लॉगिंग साइट है-
   (a) कू ऐप
   (b) फेसबुक
   (c) इंस्टाग्राम
   (d) ट्विटर

58. मध्य प्रदेश ने 'लोक सेवा दिवस' मनाया जाता है-
   (a) 26 नवंबर को   (b) 25 सितंबर को
   (c) 1 नवंबर को   (d) 25 दिसंबर को

59. मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के अनुसार, प्रत्येक महिला को मिलने वाले मातृत्व अवकाश की अवधि 12 सप्ताह से बढ़ाकर कर दी गई है-
   (a) 26 सप्ताह   (b) 22 सप्ताह
   (c) 20 सप्ताह   (d) 18 सप्ताह

60. 'विश्व मलेरिया दिवस' कब मनाया जाता है?
   (a) 2 अप्रैल को   (b) 29 अप्रैल को
   (c) 25 अप्रैल को   (d) 25 जून को

61. निम्न में से माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस का उदाहरण है-
   (a) ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर
   (b) वर्टीकल मार्केट सॉफ्टवेयर
   (c) हॉरिजेंटल मार्केट सॉफ्टवेयर
   (d) क्लोज़्ड सोर्स सॉफ्टवेयर

62. भारत की एकमात्र महिला मुख्य निर्वाचन आयुक्त (कार्यवाहक) इनमें से कौन थीं?
   (a) सरला ग्रेवाल   (b) फातिमा बीबी
   (c) नीला सत्यनारायण   (d) वी.एस. रमा देवी

63. संघ लोक सेवा आयोग को निम्नलिखित में से कौन-सा/से कार्य सौंपा गया है/सौंपे गए हैं?
   1. अखिल भारतीय सेवाओं के लिये परीक्षा का आयोजन।
   2. दो या अधिक राज्यों के अनुरोध पर भर्ती के संबंध में सहायता करना।
   3. लोक सेवाओं से संबंधित अनुशासनिक विषयों पर परामर्श।

   **कूट:**
   (a) 1, 2, 3   (b) केवल 1 एवं 2
   (c) केवल 1   (d) केवल 1 एवं 3

64. नीति आयोग का अध्यक्ष कौन होता है?
   (a) राष्ट्रपति   (b) प्रधानमंत्री
   (c) वित्त मंत्री   (d) रिज़र्व बैंक का गवर्नर

65. 'मंडल आयोग' की सिफारिशें इनमें से किस प्रधानमंत्री के कार्यकाल में लागू की गईं?
   (a) मोरारजी देसाई
   (b) राजीव गांधी
   (c) विश्वनाथ प्रताप सिंह
   (d) चंद्रशेखर

66. मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग के सभी सदस्यों को पदच्युत करने का अधिकार इनमें से किसके हाथ में रहता है?
   (a) मुख्यमंत्री   (b) केंद्र सरकार
   (c) केंद्रीय सूचना आयोग   (d) राज्यपाल

67. केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) निम्नलिखित में से किस समिति की सिफारिश पर गठित किया गया था?
   (a) के. संथानम समिति
   (b) दिनेश गोस्वामी समिति
   (c) तारकुंडे समिति
   (d) नरसिंहम समिति

68. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) की स्थापना की गई थी-
   (a) 18 अक्टूबर, 2010 को   (b) 1 अक्टूबर, 1926 को
   (c) 18 जून, 2015 को   (d) 1 जनवरी, 2005 को

69. राज्यसभा और लोकसभा टीवी के विलय के बाद अब इसे क्या नाम दिया गया है?
   (a) दिल्ली टीवी   (b) संसद टीवी
   (c) आत्मनिर्भर टीवी   (d) लोक कल्याण टीवी

70. हाल ही में पद्म विभूषण से सम्मानित गुलाम मुस्तफा खान का निधन हो गया, वे निम्न में से किस क्षेत्र से संबंधित थे?
   (a) शास्त्रीय संगीत   (b) पत्रकार
   (c) लेखक   (d) राजनेता

71. 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स, 2021' का आयोजन किया गया-
   (a) गुलमर्ग (जम्मू-कश्मीर) में
   (b) लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में
   (c) कटक (ओडिशा) में
   (d) बंगलूरू (कर्नाटक) में

72. हाल ही में किसे ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (AIFF) का पहला उपमहासचिव नियुक्त किया गया है?
   (a) अनुराग ठाकुर   (b) अभिषेक यादव
   (c) जय शाह   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

73. भारत का प्रथम कोविड-19 समर्पित अस्पताल किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में खोला गया?
   (a) मध्य प्रदेश   (b) दिल्ली
   (c) केरल   (d) महाराष्ट्र

Drishti IAS

74. भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) को वित्तीय सहायता कहाँ से प्राप्त होती है?
(a) वित्त मंत्रालय
(b) महिला एव बाल विकास मंत्रालय
(c) मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(d) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

75. भारत में स्वतंत्रता से पहले निम्नलिखित में से किसने धन निकासी की अवधारणा पर विचार किया था?
(a) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(b) दादाभाई नौरोजी
(c) गोपाल कृष्ण गोखले
(d) अमर्त्य सेन

76. अवस्फीतिकारी और मुद्रास्फीतिकारी अंतरालों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
(a) अवस्फीतिकारी अंतराल कम मांग के आकार को दर्शाता है।
(b) मुद्रास्फीतिकारी अंतराल अधिक मांग के आकार को दर्शाता है।
(c) अवस्फीतिकारी अंतराल के कारण आउटपुट, रोज़गार और मूल्य स्तरों में वृद्धि होती है।
(d) निवेश मांग में कमी के कारण अवस्फीतिकारी अंतराल होता है।

77. हाल ही में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को किस राज्य में वैनेडियम के भंडार मिले हैं?
(a) अरुणाचल प्रदेश
(b) पश्चिम बंगाल
(c) ओडिशा
(d) छत्तीसगढ़

78. निम्नलिखित में से कौन भुगतान संतुलन के चालू लेखा का हिस्सा **नहीं** है?
(a) वस्तुओं का निर्यात और आयात
(b) सेवाओं का निर्यात और आयात
(c) आय प्राप्तियाँ और भुगतान
(d) पूंजीगत प्राप्तियाँ और भुगतान

79. 'व्यापार करने की सुविधा का सूचकांक (Ease of Doing Business Index)' की घोषणा कौन करता है?
(a) आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)
(b) विश्व आर्थिक मंच
(c) विश्व बैंक
(d) विश्व व्यापार संगठन (WTO)

80. अंतरिक्ष में स्थापित भारत का पहला संचार उपग्रह कौन-सा है?
(a) एप्पल
(b) इंटलसैट
(c) स्पूतनिक-I
(d) स्पूतनिक-II

81. TCP/IP मॉडल में निम्न में से कौन-सी लेयर **नहीं** होती है?
(a) एप्लीकेशन लेयर
(b) ट्रांसपोर्ट लेयर
(c) इंटरनेट लेयर
(d) डाटा लिंक लेयर

82. मैक एड्रेस के संबंध में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) इसका उपयोग वायरलेस ईथरनेट जैसी IEEE 802 नेटवर्क तकनीकों में होता है।
(b) यह एक अद्वितीय भौतिक पता है, जो किसी नेटवर्क कार्ड के भौतिक नेटवर्क में कम्यूनिकेशन के लिये दिया जाता है।
(c) इसे बर्न्ड इन एड्रेस या ईथरनेट हार्डवेयर एड्रेस भी कहते हैं।
(d) उपर्युक्त सभी।

83. ई-मेल (E-mail) के संबंध में मेल उपयोगकर्त्ता एजेंट क्या है?
(a) यह सामान्यता एक प्रकार का सर्वर है, जो ई-मेल को एक-दूसरे को भेजने का कार्य करता है।
(b) यह मेल सर्वर की एक तकनीक है, जिससे मेल के प्राप्तकर्त्ता का पता चलने के उपरांत उसे उसके इनबॉक्स में डाल दिया जाता है।
(c) यह एक प्रकार का एप्लीकेशन प्रोग्राम है, जिसकी मदद से उपयोगकर्त्ता मेल लिखता है और भेजता है।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

84. मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने वर्ष 2019 में कौन-सा पुरस्कार दिया?
(a) राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर
(b) अर्जुन पुरस्कार
(c) द्रोणाचार्य पुरस्कार
(d) ऑस्कर पुरस्कार

85. 21 जुलाई, 2020 को लखनऊ के एक अस्पताल में लालजी टंडन का निधन हो गया, वे मध्य प्रदेश के ___________ थे।
(a) मुख्य सचिव
(b) राज्यपाल
(c) गृहमंत्री
(d) स्वास्थ्य मंत्री

Drishti IAS

86. 26 सितंबर, 2020 को निम्न में से कौन-सी फ्लाइट लेफ्टिनेंट राफेल लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली महिला फाइटर पायलट बनीं?
(a) कुमुदिनी त्यागी (b) रीति सिंह
(c) शिवांगी सिंह (d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

87. बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व कौन-से ज़िले में है?
(a) उमरिया
(b) शिवपुरी
(c) होशंगाबाद
(d) श्योपुर

88. नौरादेही अभयारण्य की स्थापना की गई थी-
(a) 1976 ई. में
(b) 1980 ई. में
(c) 1978 ई. में
(d) 1975 ई. में

89. स्वच्छता सर्वेक्षण-2020 में प्रथम स्थान पर कौन-सा शहर रहा?
(a) बंगलूरू
(b) इंदौर
(c) मुंबई
(d) पुणे

90. 'नांदना प्रिंट कला' है-
(a) धार-झाबुआ की आदिवासी महिला द्वारा पहने जाने वाले परिधान में लहँगा और ओढ़नी पर खास प्रिंट
(b) चंदेरी की साड़ी पर की जाने वाली कढ़ाई
(c) देवास प्रिंटिंग प्रेस की एक तकनीक
(d) बनारसी साड़ी की प्रसिद्ध कढ़ाई

91. आत्मनिर्भरता का रोडमैप जारी करने वाला देश का पहला राज्य है-
(a) मध्य प्रदेश
(b) राजस्थान
(c) छत्तीसगढ़
(d) तमिलनाडु

92. भारतीय वन रिपोर्ट-2019 के अनुसार मध्य प्रदेश के कौन-से ज़िले में सबसे अधिक वन आवरण बढ़ा है?
(a) खंडवा
(b) पन्ना
(c) सीधी
(d) शिवपुरी

93. निम्न में से किसे/किन्हें पद्मश्री-2021 अवॉर्ड दिया गया है?
(a) भूरी बाई (b) कपिल तिवारी
(c) शरद जपे (d) (a) और (b) दोनों

94. मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य के रूप में ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया एवं दिग्विजय सिंह के अलावा एक और कौन निर्वाचित हुए हैं?
(a) सुमेर सिंह सोलंकी
(b) कमलनाथ
(c) फूल सिंह बरैया
(d) रंजना बघेल

95. निम्न में से कौन नवीकरणीय ऊर्जा में शामिल **नहीं** है?
(a) सौर ऊर्जा
(b) प्राकृतिक गैस
(c) भूतापीय ऊर्जा
(d) पवन ऊर्जा

96. निम्न में से कौन नॉन-बायोडिग्रेडेबल प्रदूषक है/हैं?
(a) डीडीटी
(b) यूरेनियम
(c) पारा
(d) उपरोक्त सभी।

97. मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सबला महिला महासभा का आयोजन कब किया गया?
(a) 8 मार्च, 2020
(b) 5 मार्च, 2020
(c) 8 मार्च, 2021
(d) 5 मार्च, 2021

98. अब्दुल लतीफ किस खेल से संबंधित हैं?
(a) फुटबॉल
(b) क्रिकेट
(c) टेबल टेनिस
(d) बॉक्सिंग

99. भारत की प्रथम स्वदेशी कोरोना वैक्सीन का नाम है?
(a) कोरोनिल
(b) फाइज़र
(c) कोवीशील्ड
(d) कोवैक्सीन

100. खेलों को उद्योग का दर्जा किस राज्य ने दिया है?
(a) मिज़ोरम
(b) त्रिपुरा
(c) मध्य प्रदेश
(d) असम

Drishti IAS

# एम.पी.पी.एस.सी. प्रारंभिक परीक्षा-2020

## सामान्य अध्ययन-I ( मॉडल पेपर-5 )

## उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 26. | (d) | 51. | (d) | 76. | (c) |
| 2. | (b) | 27. | (a) | 52. | (d) | 77. | (a) |
| 3. | (c) | 28. | (b) | 53. | (d) | 78. | (d) |
| 4. | (c) | 29. | (a) | 54. | (d) | 79. | (c) |
| 5. | (d) | 30. | (a) | 55. | (d) | 80. | (a) |
| 6. | (b) | 31. | (b) | 56. | (a) | 81. | (d) |
| 7. | (a) | 32. | (d) | 57. | (a) | 82. | (d) |
| 8. | (a) | 33. | (b) | 58. | (b) | 83. | (c) |
| 9. | (b) | 34. | (d) | 59. | (a) | 84. | (a) |
| 10. | (b) | 35. | (b) | 60. | (c) | 85. | (b) |
| 11. | (c) | 36. | (d) | 61. | (c) | 86. | (c) |
| 12. | (a) | 37. | (c) | 62. | (d) | 87. | (a) |
| 13. | (d) | 38. | (d) | 63. | (a) | 88. | (d) |
| 14. | (d) | 39. | (a) | 64. | (b) | 89. | (b) |
| 15. | (a) | 40. | (c) | 65. | (c) | 90. | (a) |
| 16. | (b) | 41. | (a) | 66. | (d) | 91. | (a) |
| 17. | (d) | 42. | (c) | 67. | (a) | 92. | (b) |
| 18. | (a) | 43. | (a) | 68. | (a) | 93. | (d) |
| 19. | (b) | 44. | (a) | 69. | (b) | 94. | (a) |
| 20. | (a) | 45. | (b) | 70. | (a) | 95. | (b) |
| 21. | (c) | 46. | (b) | 71. | (a) | 96. | (d) |
| 22. | (c) | 47. | (d) | 72. | (b) | 97. | (a) |
| 23. | (d) | 48. | (b) | 73. | (d) | 98. | (a) |
| 24. | (d) | 49. | (b) | 74. | (d) | 99. | (d) |
| 25. | (c) | 50. | (d) | 75. | (b) | 100. | (a) |

Drishti IAS